**खबर संक्षेप**

## 10 मार्च को सीनियर बालिका और अंडर-13 बॉयज़ टीम का ट्रायल




**मण्डला।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन मंडला द्वारा वर्ष 2025 26 में जबलपुर में आयोजित होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में आगामी 10 मार्च 2026 को सीनियर बालिका वर्ग एवं अंडर-13 बॉयज़ टीम के चयन हेतु ट्रायल आयोजित किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता निशांत झा ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया के लिए पात्र खिलाड़ी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ 10 मार्च तक कोच बसंत ठाकुर, मेकल क्रिकेट अकादमी से संपर्क कर पंजीयन की औपचारिकता पूरी करें। खिलाड़ियों को ट्रायल के समय डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल महात्मा गांधी स्टेडियम ग्राउंड, मंडला में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान चयनकर्ता अनिल सोनी, पंकज दुबे, चंद्रेश बर्मन, अर्जुन भांडे, फैजान खान, इम्तियाज अली, निशांत झा और ललित जोशी उपस्थित रहेंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सभी पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

### जिले की महिलाओं ने हमेशा बढ़ाया हमारा मान

# महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

*** चुनौतियों का हमेंशा डटकर किया सामना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*मण्डला जिला चूंकि आदिवासी बाहुल्य जिला है और आदिवासी संस्कृति में तो महिलाओं को हमेंशा से बराबरी का अधिकार मिला हुआ है और यही कारण है कि जिले में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का जोहर दिखाया है फिर चाहे वह कृषि का क्षेत्र हो, सामाजिक उत्थान की बात हो, राजनैतिक क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई हो या फिर पारिवारिक दायित्व के निर्वाहन की बात हो। हमेंशा से ये अव्वल रही हैं। आज हमारे जिले की बेटी सम्पतिया उइके प्रदेश में केबिनेट मंत्री हैं तो हमारे दूसरी बेटी क्रिकेट के क्षेत्र में पूरे देश में नाम रोशन कर रही है ऐसी न जाने कितनी प्रतिभायें हैं जिनके माध्यम से हम और हमारा जिला गौरान्वित हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इन सभी प्रतिभाओं को सादर नमन और बहुत-बहुत शुभकामनायें।*





## शास्त्रागार को संभालती यह महिला अफसर



मंडला में शस्त्रागार प्रभारी की कमान महिला अफसर के जिम्मेःएसआई अनीता उइके थानों को आवंटित करती हैं हथियार मंडला जिले में एसआई अनीता उइके ने मध्यप्रदेश पुलिस की पहली महिला शस्त्रागार प्रभारी के रूप में पहचान बनाई है। छिंदवाड़ा जिले के रोहनाकला गांव की मूल निवासी अनीता वर्तमान में मंडला पुलिस विभाग के शस्त्रागार की कमान संभाल रही हैं। वर्ष 2018 में उनका चयन उपनिरीक्षक के रूप में शस्त्रागार शाखा में हुआ था। यह पद अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदारी भरा होता है, जिसमें हथियारों की सुरक्षा, रखरखाव, रिकॉर्ड संधारण और गोपनीयता बनाए रखना शामिल है।

एसआई अनीता उइके पुलिस विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जिले के विभिन्न थानों और चौकियों को शस्त्र आवंटित करती हैं। इसके अतिरिक्त, वे शस्त्रागार में रखे हथियारों की निगरानी, मरम्मत, साफ-सफाई और सुरक्षित रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाती हैं। अनीता उइके ने पॉलिटेक्निक कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी कार्यों में उनकी रुचि के कारण ही उन्होंने शस्त्रागार उपनिरीक्षक पद के लिए आवेदन किया और इसमें सफल रहीं। प्रदेश के 55 जिलों में मंडला एकमात्र ऐसा जिला है जहां शस्त्रागार प्रभारी के रूप में एक महिला अधिकारी पदस्थ हैं। यह स्थिति मंडला पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा ने कहा कि मंडला पुलिस परिवार के लिए यह गर्व का विषय है कि आर्म्स शाखा की प्रभारी प्रदेश की एकमात्र महिला उपनिरीक्षक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।




## उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत किशोर-किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आयुष्मान भारत-उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा कक्षा 6 से 8 तक शिक्षक-शिक्षिकाओं को लोक स्वास्थ्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में विद्यालयों में शिक्षा ले रहे किशोर-किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल के लिये शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक बदलावों को लेकर किशोर-किशोरियां असहजता एवं परेशानी का सामना करते हैं, उन बदलावों को सहज एवं सामान्य स्वीकार करने हेतु जागरूकता एवं समझ प्रदान करना हैं। साथ ही यह अवस्था विकास, जिज्ञासा, आत्म-खोज और अनेक बदलावों से भरी होती हैं। ऐसे समय में यदि उन्हें सही जानकारी, समझदारी भरा मार्गदर्शन और व्यवहारिक कौशल प्रदान किये जाये तो वे न केवल अपनी वर्तमान स्थिति को बेहतर बना सकते हैं बल्कि अपने भविष्य की दिशा भी स्वयं तय कर सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रमुख विषय जीवन कौशल, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन, लैंगिक समानता, नशीले पदार्थों पर रोकथाम, हिंसा एवं चोट से सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को सम्मिलित किया गया हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ में कुलदीप कव्हल डी.पी.सी. डां. शेषमणि गौतम ए.पी.सी., हेमंत राहंगडाले आर.के.एस.के. समन्वयक, अनादि वर्मा, बी.आर.सी मण्डला, आर.बी. ठाकुर समन्वयक (ए.एम.बी.) एवं एम.एल. शर्मा समन्वयक अनुपमा सोसाईटी उपस्थित रहें। प्रशिक्षण दो अलग-अलग बैच में होटल नर्मदा-इन एवं शिखर पैलेस मण्डला में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान श्री कुलदीप कव्हल डी.पी.सी. शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मागदर्शन स्वरूप बताया कि अपने विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षण कार्य के साथ जीवन कौशल एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करें। किशोरावस्था के बदलावों को समझायें तथा सोशल मीडिया एवं मोबाईल के उपयोग से दूर रहने की सलाह दें।



# कान्हा से सतपुड़ा भेजे गए 8 बारहसिंगा

*** विशेष वाहन से STR के लिए रवाना किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला के कान्हा नेशनल पार्क से 8 बारहसिंगा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजे गए हैं। शनिवार को इन्हें सरही परिक्षेत्र के सौंफ मैदान से विशेष वाहन द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के लिए रवाना किया गया। कान्हा से सतपुड़ा में बारहसिंगा के स्थानांतरण का यह नवीनतम चरण है। इससे पहले भी कान्हा से 127 बारहसिंगा सतपुड़ा भेजे जा चुके हैं।

बारहसिंगा विश्व की अति संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है। एक समय ऐसा था जब कड़ी भूमि (हार्ड ग्राउंड) के बारहसिंगा केवल कान्हा नेशनल पार्क में ही बचे थे। 1970 के दशक की गणना के अनुसार, कान्हा में इनकी संख्या घटकर मात्र 66 रह गई थी और ये केवल कान्हा के घास के मैदानों तक ही सीमित थे।

इसके बाद वन विभाग ने बारहसिंगा के संरक्षण पर गंभीरता से कार्य करना शुरू किया। संरक्षण प्रयासों के तहत वन ग्रामों का विस्थापन किया गया और प्राप्त भूमि को घास के मैदानों में बदला गया। जल विकास के लिए तालाब और एनीकट का निर्माण किया गया। अवैध शिकार से सुरक्षा, निरंतर निगरानी और घास के मैदानों (आवास स्थलों) के लगातार विकास जैसे उपायों से बारहसिंगा की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हुई। बारहसिंगा की आबादी 1000 के पास इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, कान्हा में बारहसिंगा की आबादी



1000 के आंकड़े तक पहुंच गई। इस प्रजाति के विलुप्त होने की आशंका को देखते हुए, इनके बचाव और अन्य क्षेत्रों में आबादी स्थापित करने के उद्देश्य से 2015 में एक कार्ययोजना बनाई गई।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज सौहार्दपूर्ण वातावरण में 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगनलाल सोनी जी, नरेश सोनी जी और सुरेश यादव जी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने आपसी भाईचारे और एकता के संदेश पर जोर दिया।



समारोह में कार्यालय प्रभारी हिरदेश साहू, मंडलम अध्यक्ष विपिन सोनी, रूपेश अग्रवाल, दीपचंद विश्वकर्मा, चेतराम जी और आशिष जी ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। साथ ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष विपिन सोनी बलराम साहू रतन बरकडे राजाराम कोड़ संजय साहू प्यारेलाल यादव सुबोध सोनी दादू लाल कूड़ापे मुकेश सोनी जी, संदीप सोनी जी और अंतराम जी सहित बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संगठन की मजबूती और आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देते हैं।

**रंगपंचमी** | **कैबिनेट मंत्री के निवास पर हर्षोल्लास के साथ मना फाग उत्सव।**

# रंगों से भरी रही रंगपंचमी, उड़ा रंग गुलाल

*** गली-गली जमकर हुआ नाच गाना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके के निज निवास ग्राम टिकरवारा में होली मिलन समारोह एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक फाग गीतों की धुनों पर होली का आनंद लिया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने मंत्री श्रीमती उईके को होली की बधाई दी और कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए जिले में शांति और सद्भाव का संदेश दिया। आयोजन के दौरान पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिली। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि होली का यह पावन पर्व हमारे आपसी प्रेम और भाईचारे को और अधिक मजबूत करता है।

नगर में भी गली-गली युवाओं में डीजे की धुन में जमकर नाच गाना किया एक दूसरे पर गुलाल छिड़का विशेष रूप से पंचमी में पीली मिट्टी का उपयोग ज्यादातर किया जाने लगा है और कपड़ों को फाड़ने की प्रथा न जाने कहां से प्रारंभ हो गई है।







## रात्रि कालीन गश्त के दौरान बिछिया पुलिस को सफलता, चार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



हरिभूमि ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में दिनांक 07 मार्च 2026 की रात्रि कालीन गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक से अधिक स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रंजीत सैयाम के साथ थाना बिछिया पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान विशेष अभियान चलाकर चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में भागसिंह धुर्वे पिता बारे लाल धुर्वे निवासी अजय नगर, देवराज मरावी पिता धन्नूसिंह मरावी निवासी ग्राम बररई थाना बिछिया, राजेश कुमार पिता केदार उर्फ पिट्टू मरावी निवासी ग्राम गुडली मॉल ग्राम गुनेरा, मनोज कुमार पिता प्रताप सिंह पुसाम निवासी ग्राम गुडली शामिल हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंजीत सैयाम, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, सहायक उप निरीक्षक उपेन्द्र यादव, सहायक उप निरीक्षक बालमुकुन्द चौरसिया, सहायक उप निरीक्षक सुरेश विजयवार, प्रधान आरक्षक 202 रतन करचाम, प्रधान आरक्षक 213 अनिल मरस्कोले, प्रधान आरक्षक 490 उगेश सरोते, आरक्षक 443 नानसाय, आरक्षक 167 भीकम परते, आरक्षक 513 सुनीराम तथा एसएसयू बल के कर्मचारी जगदीश, संगीता एवं रजनी की सराहनीय भूमिका रही।

**नाम सुधार सूचना**

मैं केशरी बघेल पिता हुब्बे लाल बघेल जाति धोबा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पटपरा पो. बरई तह. बिछिया जिला मण्डला की निवासी शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त वर्णित पते की स्थाई निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम केशरी बघेल (KESHRI BAGHEL) पिता का नाम हुब्बे लाल बघेल (HUBBE LAL BAGHEL) माता का नाम बाई बघेल (JANIYA BAI BAGHEL) दर्ज है जो कि सही है। मेरे शाला अभिलेख कक्षा 10 वी. एवं 12 वी. के अंकसूची में मेरा नाम केशरी (KESHRI) पिता का नाम हुब्बे लाल (HUBBE LAL) माता का नाम जनिया बाई (JANIYA BAI) दर्ज है, सरनेम बघेल दर्ज नहीं है। मैं अपनी शाला अभिलेख कक्षा 10 वी. एवं 12 वी. के अंकसूची में मेरा नाम केशरी बघेल (KESHRI BAGHEL) पिता का नाम हुब्बे लाल बघेल (HUBBE LAL BAGHEL) माता का नाम जनिया बाई बघेल (JANIYA BAI BAGHEL) दर्ज कराने के संबंध में अपना यह शपथ पत्र संबंधित कार्यालय के पक्ष में प्रस्तुत कर रही हूँ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमीं पर कलेक्टर ने बच्चों के साथ मनाया होली महोत्सव

डिंडोरी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमी होली महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया कक्षा एक से पांच तक की कन्या आश्रम इंग्लिश मीडियम छात्रावास पहुंचीं। उन्होंने बच्चों और स्टाफ के साथ रंग पंचमी का होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कलेक्टर ने नन्हे बच्चों को रंग गुलाल लगाकर उनसे आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान बच्चों ने भी एक दूसरे को रंग लगाया और खुशियों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव का आनंद लिया।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने सभी बच्चों को मिठाई वितरित की तथा प्रत्येक बच्चे को एक एक पानी की बोतल भी भेंट की ताकि वे स्कूल जाते समय अपने साथ पानी ले जा सकें।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं देश विदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और योग्यता से पहचान बना रही हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी का निरंतर सहयोग करूंगी। आप मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता पिता के साथ साथ जिले और देश का नाम रोशन करें यही मेरी शुभकामनाएं हैं।इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती श्वेता अग्रवाल जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार छात्रावास वार्डन श्रीमती वंदना करचाम तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी और स्टाफ उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप




### अग्रवाल समाज ने फूलों की होली के साथ मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नगर के अनीता मंडपम में शनिवार 7 मार्च को अग्रवाल समाज अनूपपुर द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने परंपरागत तरीके से फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज के महिला पुरुष बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे उत्साह व उमंग के साथ एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम का शुभारंभ शाम लगभग 5 बजे महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ किया गया समाज के सभी लोगों ने सामूहिक रूप से आरती कर समाज की सुख-समृद्धि एवं आपसी एकता की कामना की आरती के पश्चात होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें फूलों की होली खेलते हुए सभी ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा की। वातावरण में रंग उमंग और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य युवा और महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर पप्पू भैया द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया जिसमें उपस्थित समाजजनों ने भी भावपूर्वक सहभागिता की। भजनों की मधुर धुनों के बीच सभी ने फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी।

### हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न

उमरिया। हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा 45 परीक्षा केंद्रो में संपन्न हुई। जिले में हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 7638 परीक्षार्थियों मे से 7500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 138 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट उमरिया, शा.उ.मा. वि. कन्या उमरिया, शा.उ.मा.वि. कालरी उमरिया एवं शा.उ.मा.वि. सरसवाही का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी।

### 2 अप्रैल को मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

अनूपपुर। श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी तेजी से चल रही है। ज्ञातव्य हो कि इस बार 2 अप्रैल को अनूपपुर शहर के इतिहास में अब तक का सबसे भव्य हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। यह आयोजन शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) के नेतृत्व में होगा। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य उत्सव 2 अप्रैल को श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर (अनूपपुर) में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन में जिले के अलावा आस-पास के गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बनेगी। जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा, भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी।



## कलेक्टर ने वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण



डिंडोरी ।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमी के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने वन स्टॉप सेंटर सखी डिंडोरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं स्वच्छता तथा संचालित सेवाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने 181 महिला हेल्पलाइन कक्ष परामर्श कक्ष आश्रय कक्ष तथा भंडारण कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान आश्रय में अस्थायी रूप से रह रही एक महिला से कलेक्टर ने बातचीत की। संबंधित महिला अपने निवास का स्पष्ट पता बताने में असमर्थ थी किंतु पूछताछ के दौरान उसने बेगूसराय बिहार का उल्लेख किया। इस संबंध में वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से संबंधित स्थान की जानकारी प्राप्त करने तथा महिला की पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ रंग पंचमी का पर्व भी मनाया।निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर जिला शिक्षा अधिकारी सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग हॉस्टल अधीक्षक वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सविता धार्वे तथा वन स्टॉप सेंटर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दीदी कैफे में कार्यक्रम आयोजित





डिंडौरी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को दीदी कैफे में महिला दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया की गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन और अधिक भव्य एवं गौरवपूर्ण बन गया।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस सहित नगर की अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी नीलू जैन शिल्पा जैन सविता बर्मन साक्षी सोनी नेहा छाबड़ा रेखा कुशवाहा कुंती गौतम माही बारोटिया काजल गौतम कल्पना मिश्रा सहित लगभग 100 से अधिक मातृशक्तियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का आयोजन रानी अवंती बाई संशय संस्था द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के लगभग 25 स्वच्छता प्रहरियों तथा मातृशक्तियों को कलेक्टर द्वारा श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी महिला आरक्षक दीपमाला नागले माही बारोटिया तथा सफाई अभियान से जुड़े सदस्यों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नगर की उत्कृष्ट महिलाओं को मंच पर सम्मान प्रदान किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती रेखा प्रकाश कुशवाहा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मंजूषा शेख शमी ने किया तथा आभार प्रदर्शन नीलू जैन ने व्यक्त किया।इस अवसर पर जबलपुर से आई साहित्यकार एवं रानी अवंती बाई संशय संस्था की संरक्षिका ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मां अनुसूइया से लेकर भारतवर्ष की महान मातृशक्तियों के योगदान का उल्लेख करते हुए रानी अवंती बाई के बलिदान का स्मरण कराया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास तथा 8 मार्च को इसके आयोजन के महत्व की जानकारी भी दी।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी मातृशक्ति और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज और देश के विकास में नारी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा के साथ करते हुए जिले के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत रहती हैं। व्यस्तता के कारण यदि किसी से मुलाकात नहीं हो पाती है तो पुनः मिलने अथवा दूरभाष के माध्यम से चर्चा की जा सकती है।उन्होंने कहा कि जिले में लहरी बाई जैसी महान हस्ती निवासरत हैं जो डिंडोरी जिले को गौरवान्वित करती हैं। कलेक्टर ने सभी मातृशक्तियों से अपील की कि वे अपने आत्मसम्मान और सुरक्षा के प्रति सजग रहें तथा बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही अपनी बेटियों को चंद्रविजय महाविद्यालय में संचालित निशुल्क कोचिंग कक्षाओं में भेजने का आह्वान किया ताकि वे आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन सदैव आपके साथ है।कार्यक्रम के अंत में सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा रंग पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और आनंद से परिपूर्ण रहा।

## शहपुरा में कांग्रेस का होली मिलन समारोह रंग-गुलाल के साथ कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने मनाया उत्सव

### वरिष्ठ नेत्री कृष्णा उरैती और पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजन



शहपुरा

नगर के निवास रोड स्थित स्थल पर कांग्रेस पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता तथा शहपुरा विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सुश्री कृष्णा उरैती ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार उपस्थित रहे।होली मिलन समारोह के दौरान पूरे कार्यक्रम स्थल पर रंग गुलाल और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली और रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डीजे की धुन पर कार्यकर्ता और उपस्थित लोग जमकर झूमते नजर आए। वहीं कांग्रेस नेत्री कृष्णा उरैती और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने भी समस्त पत्रकारों और कार्यकर्ताओं के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं और डीजे की धुन पर नाचते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर क्षेत्र में शांति, खुशहाली और विकास की कामना की। वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस होली मिलन समारोह में वरिष्ठ नेत्री सुश्री कृष्णा उरैती ने महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है और ऐसे सामाजिक आयोजनों से आपसी सहयोग और समरसता को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं पत्रकारों और उपस्थित लोगों ने मिलकर होली के पर्व की खुशियां मनाईं और एक-दूसरे को बधाई देते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सौहार्द का माहौल बना रहा।



## झारिया मेहरा धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित, सामाजिक एकता का दिया संदेश



**शहपुरा।** नगर के उमरिया रोड स्थित झारिया मेहरा धर्मशाला में रविवार को रंग पंचमी के अवसर पर झारिया मेहरा युवा संघ के तत्वावधान में सामाजिक होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के नवयुवक वरिष्ठजन तथा स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा धर्मेश्वर महादेव का पूजन अर्चन कर रंग गुलाल अर्पित करते हुए किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में एकता भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही युवाओं से समाज के विकास और सामाजिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।समारोह के दौरान रंग पंचमी के अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठजनों को रंग गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झारिया तथा ब्लॉक अध्यक्ष अंकित झारिया का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन पृथ्वी झारिया ने किया। इस अवसर पर झरिया सेवा समिति के अध्यक्ष उमा प्रसाद झरिया संरक्षक शोभाराम झारिया गणेश चंदेल देवलाल नागेश मीडिया प्रभारी संदीप गौलिया अखिलेश झारिया अधिवक्ता विनय झारिया पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप झारिया लक्ष्मण झारिया मोले झारिया सियाराम झारिया हीरालाल झारिया प्रभु दयाल झारिया भानु प्रसाद झारिया शिक्षक नेमचंद झारिया परशुराम माथुने डॉ सुशील गवले चमन झारिया आनंद चंदेल बंसीलाल झरिया गुरु प्रसाद झारिया सुनील झारिया विसर्जन झारिया दुर्गेश झारिया राकेश झारिया सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारिया मेहरा युवा संघ तथा समाज के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता सौहार्द और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला।



## माहेश्वरी समाज ने महिला दिवस पर आयोजित किया होली मिलन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। संभाग स्तरीय माहेश्वरी समाज का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन महिला दिवस पर होटल लेवल वन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के शहडोल, बुढार, अमलाई, चचाई, धनपुरी, अनूपपुर, जैतहरी के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे। इस समारोह में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं एवं पुरुष ने जमकर होली सॉन्ग पर डांस किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्लन के साथ समाज के वरिष्ठ आदेश खटोड़ ने हनुमान चालीसा के साथ की। होली की पूरी मस्ती के साथ महिला एवं पुरुष सभी ने अपनी-अपनी बातें कही। डांस किया एवं गाना गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। साथ ही सभी ने मिलकर काफी मस्ती की जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के शुभारंभ में गरमा-गरम नाश्ता की विशेष व्यवस्था की गई थी। तत्पश्चात तमाम तरह के गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें तंबोला आदि गेम खिलाया गया।

### महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के घरेलू बजट पर पड़ गया है अतिरिक्त बोझ

## रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े दाम ने उपभोक्ताओं की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान में चल रहे तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर अब भारत में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में रसोई गैस के दामों में अचानक वृद्धि ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर पर 120 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। इसी बीच अब एजेंसी पहुंचकर बुकिंग करवाने की एक अफवाह ने नागरिकों की परेशानी पर बल बढ़ा दिए। जबकि ऐसा कोई फरमान एजेंसी संचालको ने जारी ही नही किया। यह जरूर है, कि अब उपभोक्ता को दूसरे सिलेंडर की आपूर्ति 30 और 31 दिन के बाद की जाएगी।



### नई व्यवस्था ने बढ़ा दी परेशानी

सुबह-सुबह कोयलांचल क्षेत्र राजनगर, डोला, रामनगर में फैली अफवाह के बाद चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। उपभोक्ताओं का कहना था कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए कीमतों में कुछ हद तक बढ़ोतरी समझी जा सकती है। लेकिन स्थानीय स्तर पर अपनाई जा रही नई व्यवस्था ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि अब कई एजेंसियों ने होम डिलीवरी से पहले उपभोक्ताओं को स्वयं एजेंसी पहुंचकर बुकिंग करवाने की शर्त लगा दी है।इसके बाद ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। इस फैसले से उन उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है, जो अब तक घर बैठे गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी का लाभ ले रहे थे। अचानक व्यवस्था बदलने से लोगों को अब अपना कामकाज छोड़कर गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों महिलाओं और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को इससे काफी परेशानी होने की आशंका है।

### आम उपभोक्ताओं का आक्रोश आया सामने

राजनगर मे गैस उपभोक्ताओं ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा, कि सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी भले ही स्वीकार की जा सकती है। लेकिन पहले से चल रही व्यवस्था को खत्म करना या उसमें अनावश्यक बदलाव करना उचित नहीं है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले भी कई बार गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हैं। लेकिन कभी भी होम डिलीवरी व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। ऐसे में अब अचानक इस तरह की व्यवस्था लागू करना आम जनता को परेशान करने जैसा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर पुरानी व्यवस्था बहाल कराई जाए ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## अनियमितताओं के चलते नगर परिषद चीचली अध्यक्ष को हटाया

### अध्यक्ष हाईकोर्ट में देंगे चुनौती, जांच में पाई गई थी अनियमितता

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** बीते दिवस मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास व आवास विभाग ने नगर परिषद चीचली में अवैध नियुक्तियों व अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई करते हुए निकाय अध्यक्ष शेख मंजूर उर्फ बबलू सिंघानिया को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। मामला दैनिक वेतन भोगियों की अवैध तरीके से नियुक्ति व वेतन आहरण से संबंधित बताया गया है। मामले में मंत्रालय भोपाल से बीती 26 फरवरी को जारी हुए आदेश के अनुसार नगर परिषद चीचली में दैनिक पारिश्रमिक पर श्रमिकों की नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन किया गया था। जिसमें मिली शिकायत पर कलेक्टर ने जांच कराई थी।






#### जांच में पाई गई अनियमितता

शिकायत के बाद जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच में पाया गया कि बिना सक्षम स्वीकृति के साप्ताहिक मस्टर पर श्रमिकों को रखा गया, जिसके लिए तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष शेख मंजूर भी प्रथम दृष्टया जिम्मेदार पाए गए। शासन के अनुसार अध्यक्ष शेख मंजूर 10 अगस्त 2022 से नगर परिषद चीचली के निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में पदस्थ थे। जांच के दौरान यह सामने आया कि पीआइसी बैठक 30 जनवरी 2023 के प्रस्ताव क्रमांक 19 के तहत 6 अस्थाई श्रमिकों में नूरी खान, राहुल अहिरवार, शक्ति कौरव, हरिओम कटारे, शशिन वर्मा और अबरार खान को दैनिक पारिश्रमिक पर रखने की स्वीकृति दी गई थी, जो नियमानुसार नहीं थी।

#### शासन ने माना हुईं गंभीर अनियमितताएं

जारी आदेश के अनुसार मामले में शासन द्वारा 24 दिसंबर 2025 को अध्यक्ष शेख मंजूर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। बाद में उनके अनुरोध पर संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए और बीती 3 फरवरी को सुनवाई भी की गई। सुनवाई के दौरान शेख मंजूर उपस्थित हुए और अपना प्रतिवाद प्रस्तुत किया, जिसे अभिलेखों में दर्ज किया गया। हालांकि उपलब्ध दस्तावेजों और जांच के आधार पर शासन ने माना कि अध्यक्ष अपने कर्तव्यों का विधि अनुसार पालन करने में असफल रहे और उनके कार्यकाल में गंभीर अनियमितताएं हुईं। शासन की राय में उनका अध्यक्ष पद पर बने रहना लोकहित और परिषद हित में उचित नहीं पाया गया। इसी आधार पर राज्य शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष पद से पृथक करने का आदेश जारी किया है। साथ ही नगर परिषद को हुई 12 लाख 18 हजार 168 रुपए की आर्थिक हानि की वसूली भी अध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से समान रूप से करने निर्देश दिए हैं। यह राशि निकाय निधि में जमा होगी।

#### अध्यक्ष लेंगे हाईकोर्ट की शरण

सूत्रों ने मिली जानकारी के अनुसार चीचली नगरपरिषद अध्यक्ष शेख मंजूर को पदच्युत करने के साथ ही मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय ने हाई कोर्ट में परिवाद भी दायर कर दिया गया है। ताकि शेख मंजूर द्वारा उच्च न्यायालय में यदि शासन के आदेश के विरुद्ध याचिका दायर कर स्थगन मांगा जाता है तो न्यायालय एकपक्षीय आदेश पारित करने के बजाय शासन का पक्ष भी सुने। नगरीय प्रशासन व आवास विभाग द्वारा अध्यक्ष पद से हटाने के आदेश को शेख मंजूर हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि दैनिक वेतन भोगियों को नौकरी पर रखे जाने संबंधी अनियमितता प्रदेश की अनेक परिषदों में हुई है। इसके बावजूद सिर्फ उन पर ही कार्रवाई इसलिए की गई है, क्योंकि वे कांग्रेसी हैं। इसके पूर्व देवरी में भी अध्यक्ष को इसी तर्ज पर हटाया गया था। इसी को आधार मानकर उन पर भी कार्रवाई हुई है। वे आदेश का का विधि विशेषज्ञों से अवलोकन करा रहे हैं। इसके बाद आगे कार्रवाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### खेत मे काम करते समय सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम लोहरी करकबेल निवासी को खेत मे काम करते समय सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोमल पिता राजकुमार रजक उम्र 39 वर्ष को खेत मे काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### चाकू से हमला करने वाला कुख्यात पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अपराधों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पार्टी के लिए पैसे मांगने के विवाद को लेकर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला 01 कुख्यात गुण्डा बदमाश प्रिंस मालवीय को गिरफ्तार किया हैं। दिनांक 04/03/2026 को प्रार्थी आशीष पिता हरिराम साहू उम्र 23 वर्ष निवासी बारापत्थर सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 04/03/2026 को दोपहर करीबन 02/30 बजे आरोपी प्रिंस मालवीय द्वारा पार्टी के लिए पैसे मांगने मना करने पर मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर जेब में रखे धारदार चाकू से जान की मारने की नियत से हमला कर जांघ में चोट पहुँचाने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296(इ), 109 (1) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी फरार आरोपी की संभावित लगातार तलाश पतासाजी कर ग्राम मानेगांव से गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही करने उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जहां न्यायालय द्वारा आरोपी प्रिंस मालवीय न्यायिक हिरासत में सिवनी भेजा गया है।

### तहसीलदार सतीश चौधरी का स्थानांतरण हुआ बंडोल में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई तहसील में पदस्थ रहे तहसीलदार सतीश चौधरी का स्थानांतरण बंडोल (सिवनी) होने पर शनिवार को कुरई मुख्यालय में राजस्व विभाग द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शाल-श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में एसडीएम प्रशांत उइके, डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (प्रशासनिक) अर्जुन ठाकुर तथा कुरई के नवागत तहसीलदार एसपी परतेती ने तहसीलदार सतीश चौधरी को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पटवारी संघ तहसील कुरई के अध्यक्ष अनिल धुर्वे, पटवारी संघ जिला अध्यक्ष सुदेश सिंह ठाकुर सहित सभी हल्का पटवारी, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## नर्सिंग स्टाफ को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रविवार को नगर के समाज सेवी एवं राजपूत करणी सेना अध्यक्ष सौरभ राठौर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में सेवा समर्पण और मानवता की मिसाल पेश करने वाली नर्सिंग ऑफिसर्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाओं के साथ सम्मानित करते हुए उनके अथक योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में कहा गया कि नर्सिंग ऑफिसर स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ होती हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। उनकी मेहनत, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए प्रेरणा है। महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर उनके कार्यों को सम्मानित करना गर्व की बात है। उक्त अवसर पर अंजना रैकवार सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, उमा राव, अंजना बैक, डॉली नाथ, जूली राम, वर्षा ठाकुर, सुनीता वाथव, मोनिका शर्मा, निधि सोनी, सुनीता सचान, उज्जवल सिंह, दुर्गा सोनी, सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया गया तथा वंदना मेहरा, प्रियंका देशमुख, देवनंदनी नागवंशी सहित कई नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहीं।

## रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रविवार को नगर के आनंद नगर कॉलोनी में रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती तिवारी ने की कार्यक्रम में भावना जैन द्वारा सभी महिला प्रतिभागियों को म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम स्थान ममता ने प्राप्त किया गिलास प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती कौर ने प्राप्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त आनंद नगर वासी महिलाओं ने अपना योगदान दिया कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती ममता महंत श्रीमती मंजू नायक श्रीमती मनीषा नेम श्रीमती सरिता नायक श्रीमती रश्मि चैबे श्रीमती श्रद्धा ओसवाल ममता नेम रानूजैन रिंकी पटवा रेखा दुबे ओसवाल मैडम एवं समस्त आनंद नगर वासी महिलाओं का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेम मैडम एवं शाला की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव द्वारा किया गया मां सरस्वती की वंदना श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव एवं सीमा दुबे द्वारा गाई गई तत्पश्चात महिला स्टाफ का स्वागत रिचा मेहरा द्वारा बारी-बारी से किया गया म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान भारती ठाकुर ने प्राप्त किया स्टाफ की समस्त महिलाओं द्वारा म्यूजिकल गेम खेला गया जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव ने प्राप्त किया संस्था द्वारा हाउजी खिलाई गई संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा समस्त स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई कार्यक्रम का समापन लवली शिवहरे द्वारा किया गया एवं संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पूर्व टी आई शंकरलाल झारिया हत्या के आरोप से बरी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के करेली थाना क्षेत्र के खिरिया गांव में नौ माह पूर्व हुए चर्चित नारायण काछी हत्याकांड में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश वैभव सक्सेना ने मुख्य आरोपी बसंत वंशकार और स्टेशनगंज के पूर्व टीआई शंकरलाल झारिया को बरी कर दिया है। कोर्ट ने पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों को अपर्याप्त बताया और विवेचना में कई गंभीर तकनीकी खामियां पाईं। ज्ञात हो कि 10 जून 2025 को खिरिया गांव में नारायण काछी का लहुलुहान हालत में शव मिला था। पुलिस ने दावा किया था कि पूर्व टीआई शंकरलाल झारिया ने अपने समधी को फंसाने और दहेज प्रताड़ना के पुराने विवाद का बदला लेने के लिए 50 हजार रुपए की सुपारी देकर बसंत वंशकार से यह हत्या करवाई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने पुलिस की जांच पर कई सवाल उठाए, जिन्हें न्यायालय ने स्वीकार किया। डीएनए परीक्षण का अभाव: पुलिस ने मौके से मिले टूटे दांतों का डीएनए कराया, लेकिन हत्या में प्रयुक्त सब्बल और कपड़ों पर लगे खून का मृतक के खून से मिलान नहीं कराया। शराब की बोतलों और अन्य वस्तुओं पर मिले फिंगरप्रिंट का मिलान आरोपी से नहीं कराया गया। इसके अलावा जब्त कपड़ों की पहचान भी मृतक के परिजनों से नहीं कराई गई। घटना के समय के बीच 5 से 7 घंटे का बड़ा अंतर था, जो आरोपी को दोषी सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए 35 गवाहों में से महत्वपूर्ण गवाह सुनवाई के दौरान अपने बयानों से मुकर गए। सीसीटीवी फुटेज से संबंधित गवाह ने फुटेज की पहचान और किसी भी प्रकार का प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया। वहीं, जब्ती के गवाहों ने भी पुलिस की कार्रवाई को अपने सामने होने से मना कर दिया। न्यायालय ने पूर्व टीआई द्वारा अपने समधी को फंसाने की कहानी को भी खारिज कर दिया। पुलिस ने साक्ष्य के तौर पर जो मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और एसएमएस पेश किए थे, उन्हें भी किसी षडयंत्र का पुख्ता सबूत नहीं माना गया। मुख्य आरोपी बसंत वंशकार, जो 260 दिनों से जेल में था, उसे रिहा करने के आदेश दिए गए हैं। इस सनसनीखेज मामले में आरोपियों के बरी होने के बाद पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने फैसले से संबंधित डायरी तलब की है। विवेचना में रही खामियों की पड़ताल की जाएगी और हाई कोर्ट में अपील करने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि ये आरोपी नहीं थे, तो नारायण काछी का असली हत्यारा कौन है।

## ई- विकास अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था लागू की गई है। इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संचालक द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के परिपालन में ई-विकास अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 मार्च को शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित किया जाएगा। भोपाल स्तर से मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नरसिंहपुर मोरिस नाथ ने बताया कि यह प्रशिक्षण दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र प्रात 11 बजे से दोपहर दो बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई- टोकन जनरेट करने की प्रणाली के बारे में समझाया जाएगा। किसानों को ई-टोकन जनरेट नहीं होने पर मैदानी अमले द्वारा टोकन जनरेट करने और इस संबंध में किसानों को प्रशिक्षित करना तथा ई-विकास का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाएगा। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, वन पट्टाधारी किसान, सिकमी किसान, मृत किसान अक्षम किसान व संयुक्त खाते वाले किसान के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधिकारी- कर्मचारियों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### नहरों का सर्वे कराकर कराएं सुधार कार्य, हटाएं अतिक्रमण: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल संसाधन विभाग, डिस्नेट एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की संयुक्त बैठक लेकर नहरों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि नहरों का सर्वे कराया जाए तथा ब्लॉक या क्षतिग्रस्त नहरों में आवश्यक सुधार कार्य किया जाए। साथ ही नहरों पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नहरों में जल के प्रवाह में किसी प्रकार की बाधा न आए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरों का नियमित निरीक्षण कर सीपेज की स्थिति का आकलन करें और जहां आवश्यकता हो, वहां समय पर मरम्मत कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जल उपभोक्ता समितियों की राशि से नहरों में आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि आगामी बैठक में नहरों के सुधार कार्यों की तुलनात्मक समीक्षा की जाएगी। इसके लिए सुधार कार्य से पहले और बाद की फोटोग्राफ भी प्रस्तुत की जाएं।

## तो सीजन में मंडी सुचारू चले..रवि मौसम की जिंसों का आना शुरू

**तेंदूखेड़ा** रवि मौसम की चना मसूर बटरी अरहर की फसलें लगभग पक कर तैयार हो गई है।कटाई का काम भी युद्ध स्तर पर जारी है। कहीं कहीं तो उपज तैयार भी हो चुकी है। आवश्यकता अनुसार किसान अपनी जरुरतों शादी विवाह से लेकर विभिन्न खर्चों की व्यवस्था हेतु उपज बेचेंगे लेकिन सबसे बड़ी विडम्बना यहां पर यह बनी हुई है कि यहां की मंडी जब पूरे सीजन की उपज को बिचोलिए खरीद लेते हैं।तब मंडी शुरु हुआ करती है। मजबूर और जरुरत मंद किसान व्यापारियों के हिसाब से ही उपज बेंच देते हैं।

### घर जाकर उपज खरीदने वाले व्यापारियों पर हो कार्रवाई

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में उपज आते ही कुछ व्यापारी अपने लोडिंग बाहन और कांटा लेकर गांव गांव जाकर मनमाने दामों पर उपज खरीद लाते हैं। किसान भी भाड़ा और हिम्माली की समस्या भुगतान को लेकर घर पर फसल बेंच देते हैं। लेकिन इन किसानों को मूल्य और बजन कांटे दोनों में ही शोषण हुआ करता है।इस तरह की गतिविधियां विगत वर्षों में सामने भी आई थी।उपज आते ही कुछ व्यापारी फिर से तैयार भी हो गये हैं और गांव गांव जाकर दस्तक देने लगे हैं।इन व्यापारियों पर पैनी नजर रखने के साथ इन पर उचित दंडात्मक कार्यवाही और लायसेंस निरस्त करनी की जरूरत है।

### मंडी परिसर में ही हो घोष विक्रय

तेंदूखेड़ा मंडी क्षेत्र नर्मदा दक्षिणा खंड सिहोरा से लेकर उत्तराखंड राजमार्ग चौराहे और रायसेन जिले की सीमा मदनपुर तक फैला हुआ है। लेकिन विडम्बना यह बनीं हुई है कि मंडी क्षेत्र के व्यापारी मंडी परिसर में घोष विक्रय के लिए नहीं आते हैं और घर बैठे ही उपज खरीदा करतें हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और शिकंजा भी इन्हीं व्यापारियों पर कसा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापारी मजा मारते हैं। सबसे बड़ी समस्या बीकोर भामा मदनपुर और डोभी राजमार्ग तरफ से बनीं हुई है यहां पर मंडी के लोगों की मिलीभगत से ही यहां की जिंसों को पिपरिया गाडरवारा या करेली की मंडियों को भिजवा दिया जाता है। कुछ स्थानीय व्यापारी मुख सड़क मार्गो पर ही अपनी अपनी दुकानें खोलकर बैठे हुए हैं जो मंडी आने वाले या अपनी जरूरत के हिसाब से उपज बेंचने वालों से सीधे उपज खरीद लिया करते हैं।

### तेंदूखेड़ा के व्यापार पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव

मंडी सुचारू रूप से ना चलने के कारण तेंदूखेड़ा के व्यापार व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सीजन के समय में भी व्यापारी वर्ग हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहता है। मंडी सुचारू ना खुलने के कारण किसान जिंसों को बाहर ले जाकर मंडियों में ही बेंचकर वहीं से ही अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री खरीदकर ले आते हैं। जिससे तेंदूखेड़ा का व्यापार व्यवसाय ठप्प पड़ा रहता है।ऐसी स्थिति में अधिकांश व्यापारियों ने भी यहां से पलायन शुरू कर दिया है। और मध्यम वर्गीय व्यापारी ही यहां काम चला रहे हैं।इस विषय को हमेशा उठाया जाता रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा भी मंडी को सुचारू रूप से चलाने के खूब दंभ भरे लेकिन ढाक के तीन पात वाली कहावत ही चरितार्थ होती है। विगत दिनों हुई कार्यवाही से स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप देखी गई थी लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जमें और मंडी क्षेत्र में कुछ प्रमुख ग्रामों में जमें व्यापारी वर्ग में असर नहीं हुआ है।

## पूर्व विधायक शेखर चौधरी की अनूठी पहल, शिक्षित युवाओं को देश की नामी कंपनियों में मिलेगा रोजगार



**गोटेगांव।** गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराए हैं। क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को संवारने के उद्देश्य से देश की प्रतिष्ठित कंपनियों को गोटेगांव से जोड़ा गया है, ताकि स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच और सम्मानजनक वेतन मिल सके।पूर्व विधायक शेखर चौधरी द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, मारुति सुजुकी, कमिंस, बजाज मोटरबाइक, टोयोटा, टाटा बोल्टास और जेसीबी जैसी जानी-मानी कंपनियां रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इन कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं को 20,000 रूपये से लेकर 30,000 रूपये प्रतिमाह तक का वेतन सुनिश्चित किया गया है।

### 13 मार्च को होगा साक्षात्कार, रजिस्ट्रेशन निःशुल्क

इस रोजगार अभियान के अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 13 मार्च 2026 को गोटेगांव में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए युवाओं को 12 मार्च से पहले अपना पंजीकरण कराना होगा। विशेष बात यह है कि युवाओं की सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है।क्षेत्र के युवाओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता दर्शाते हुए पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। पंजीकरण हेतु युवा इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। शेखर चौधरीः 9300051513, नरेश बिलबारः 7000370747,मीनु राजपूतः 8519009951,समीर सिद्दीकीः 9300746362,शिवम रायः 9131537142,आरती पटेलः 8889621978 है।